Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- **जालोर में पुलिस थाना बागोड़ा के सहायक उप निरीक्षक पुलिस 50,000/- रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, दिनांक 08 अक्टूबर, बुधवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जालोर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **कल्याण सिंह, सहायक उप निरीक्षक पुलिस, पुलिस थाना बागोड़ा जिला जालोर** को **50,000/- रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि ए.सी.बी. जालोर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी से आरोपी कल्याण सिंह सहायक उप निरीक्षक पुलिस, पुंलिस थाना बागोड़ा जिला जालोर द्वारा परिवादी के रिश्तेदार के विरूद्ध प्रकरण मे आरोपी द्वारा दो व्यक्तियो का चालान नही करने एबं प्रकरण में मदद करने की एवज में 35,000/- रूपये पूर्व मे प्राप्त कर 65,000/- रूपये रिश्वत राशि की और मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर जोधपुर रेंज के **उप महानिरीक्षक श्री भुवन भूषण यादव** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. चौकी जालोर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मांगीलाल राठौड़** के द्वारा आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी कल्याण सिंह सहायक उप निरीक्षक पुलिस, पुलिस थाना बागोड़ा जिला जालोर, द्वारा दौराने ट्रेप कार्यवाही परिवादी से 50,000/- रूपये रिश्वत राशि मांग कर प्राप्त करते हुये रूबरू स्वतंत्र गवाहान रंगे हाथो दस्तयाब कर रिश्वत राशि **50,000/- रूपये** बरामद किये गये ।

आरोपीं से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।